Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to remove toll tax on State and National Highways particularly on Panipat - Muzaffarnagar road.

श्री हुकुम सिंह (कैराना) ः जी.एस.टी. पास होने के बाद समस्त देश में एक समान कर प्रणाली लागू हो गई, शेऐ करो का समाप्त कर दिया गया । अपवाद छोड़कर सभी देशवासियों ने इसका स्वागत किया। आम नागरिकों में विश्वास था कि अब मुख्य मार्गों पर बिना अवरोध सफर करना संभव होगा। परन्तु राऐट्रीय मार्गों से लेकर राज्य के मार्गों पर अभी तक सैकड़ों स्थानों पर मनमाने तरीके से टोल टैक्स वसूल किया जा रहा है। कभी-कभी वाहनों को घंटों लाइन में प्रतीक्षा करनी पड़ती है, जिससे करोड़ों रूपये का पेट्रोलियम पदार्थ नऐट होता है। ऐसे भी स्थान हैं जहाँ टोल बेरियर का कोई औचित्य नहीं है जैसे पानीपत-मुजफ्फरनगर एक छोटा मार्ग है। कोई किसी प्रकार की कोई सुविधा यात्रियों को नहीं मिलती परन्तु यमुना नदी के पुल पर हरियाणा राज्य की तरफ यात्रियों से अवैध वसूली की जाती है। जब सरकार ने सभी कर समाप्त करके एक कर प्रणाली लागू की है तो पानीपत-मुजफ्फरनगर मार्ग व अन्य मार्गों पर लगने वाले टोल टैक्स भी समाप्त किये जाएं।